



## एक नजर में

### मिस मध्य प्रदेश का खिताब जीतकर डॉ. मान्यता वप्ता ने बढ़ाया मंदसौर का गौरव



**मंदसौर।** शहर की प्रतिभाशाली बेटी डॉ. मान्यता वप्ता ने इंदौर में आयोजित प्रतिष्ठित मिस मध्य प्रदेश प्रतियोगिता का खिताब जीतकर मंदसौर जिले का नाम प्रदेशभर में रोशन किया है। तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर सहित प्रदेश के कई बड़े शहरों की प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, लेकिन अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व के दम पर डॉ. मान्यता वप्ता ने यह सम्मान अपने नाम कर लिया। डॉ. मान्यता की इस उपलब्धि से शहरवासियों में हर्ष का माहौल है। उनके पिता डॉ. गौतम वप्ता ने बताया कि मान्यता मेडिकल की पढ़ाई के साथ-साथ मॉडलिंग और प्रोफेशनल करियर पर भी विशेष ध्यान देती रही हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल मंदसौर जिले के लिए गौरव का विषय है, बल्कि जिले की अन्य युवतियों के लिए भी प्रेरणादायक साबित होगी। मिस मध्य प्रदेश का खिताब जीतने के बाद जब डॉ. मान्यता मंदसौर पहुंचीं तो नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। जगह-जगह पुष्पमालाओं एवं शुभकामनाओं के साथ उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर पार्षद भारती पाटीदार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र की मातृशक्ति एवं विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लायन्स क्लब ने जिला चिकित्सालय में कराया वाटर कूलर का लोकार्पण




**मन्दसौर।** स्व. कन्हैयालाल डोसी की स्मृति में लायन्स क्लब मन्दसौर द्वारा जिला चिकित्सालय के जच्चा-बच्चा वार्ड के समीप वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविन्द सिंह चौहान ने कहा कि भीषण गर्मी में शीतल जल की व्यवस्था मरीजों एवं परिजनों को राहत प्रदान करेगी। कार्यक्रम में उप प्रान्तपाल द्वितीय के नवनिर्वाचित एमजेएफ लायन जितेन्द्र मित्तल ने कहा कि जल है तो कल है और ऐसे समय में शीतल जल की व्यवस्था सराहनीय पहल है। यह वाटर कूलर स्व. कन्हैयालाल डोसी की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी तारादेवी डोसी एवं सुपुत्र कुशल कुमार डोसी के सहयोग से स्थापित किया गया। लायन्स क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि मानव सेवा ही क्लब का मुख्य उद्देश्य है और यह प्रयास मरीजों को राहत देने की दिशा में किया गया है। कार्यक्रम में पार्षद प्रमिला गोयल, प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. डी.के. पिप्पल, पूर्व सैनिक श्रवण कुमार त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. देवेन्द्र पुराणिक ने किया। इस अवसर पर लायन्स क्लब के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

### गायत्री परिवार ने नालछा माता मंदिर परिसर में किया श्रमदान

**मंदसौर।** गायत्री परिवार द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत नगर के प्रसिद्ध नालछा माता मंदिर परिसर एवं पार्क में दो घंटे श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया। श्रमदानियों ने परिसर से आधी ट्रॉली कचरा एकत्र कर साफ-सफाई की। अभियान के दौरान पॉलीथिन, डिस्पोजल, चाय के कप एवं सूखे पत्तों सहित बड़ी मात्रा में गंदगी मिली। श्रमदानियों ने मंदिर परिसर में नियमित सफाई व्यवस्था, डस्टबिन लगाने एवं गार्ड नियुक्त करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। श्रमदानी हर्ष शर्मा ने कहा कि श्रमदान से मन और शरीर स्वस्थ रहते है।

## हर्णेश्वर महादेव मंदिर की प्राचीन बावड़ी की सफाई

- जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नवप्रभा संस्था एवं प्रस्फुटन समिति के लोगों ने किया श्रमदान





**सुवासरा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सुवासरा सेक्टर स्थित हर्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर में प्राचीन बावड़ी एवं जल स्रोतों की स्वच्छता हेतु श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर नवप्रभा सामाजिक संस्था, प्रस्फुटन समितियों, मेंटर्स एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर जल संरक्षण का संदेश दिया।

अभियान के दौरान मंदिर परिसर स्थित प्राचीन बावड़ी में लंबे समय से जमा प्लास्टिक, कचरा एवं अन्य गंदगी को जनसहयोग से हटाकर सफाई की गई। गंदगी एवं उपेक्षा के कारण बावड़ी का पानी प्रदूषित हो गया था, जिसे स्वच्छता अभियान के माध्यम से पुनः उपयोगी बनाने का प्रयास किया गया। साथ ही मंदिर परिसर के आसपास स्थित जल स्रोतों एवं क्षेत्र की भी साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम नवप्रभा सामाजिक संस्था की सचिव टीना सोनी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। श्रमदान में सेक्टर की विभिन्न प्रस्फुटन समितियों, मेंटर्स एवं ग्रामीणजनों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। अभियान के दौरान उपस्थित लोगों को जल संरक्षण, स्वच्छता एवं प्राकृतिक जल स्रोतों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद मंदसौर की जिला समन्वयक तृप्ति वैरागी ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पूरे प्रदेश में जल स्रोतों के संरक्षण, पुनर्जीवन एवं स्वच्छता के लिए निरंतर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता को केवल एक अभियान तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि धार्मिक स्थलों से इस प्रकार के सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी अभियानों की शुरुआत समाज को सकारात्मक प्रेरणा देती है तथा जनभागीदारी को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर नवप्रभा सामाजिक संस्था के पदाधिकारी, प्रस्फुटन समिति के सदस्य, मेंटर्स एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



## पशुपतिनाथ मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन

**मंदसौर।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के आराधना हाल में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक सिसोदिया द्वारा भगवान पशुपतिनाथ की कांस्य प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संस्कृत विद्यालय के बटुकों ने शंखनाद एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया। दतिया से आए कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमुदाय ने सराहा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में भारत के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद तथा सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के महत्व को रेखांकित किया गया।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारतीय सांस्कृतिक विरासत, आत्मगौरव एवं गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का प्रतीक है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को देश के समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, मंदसौर एसडीएम शिवलाल शाक्य, अन्य जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में श्रद्धालु, दर्शक और बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।



## जीव दया दिवस पर महिला महासमिति ने पक्षियों के लिए वितरित किए सकोरे

**मंदसौर। श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति द्वारा जीव दया दिवस के अवसर पर भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के दाना-पानी के लिए करीब 50 सकोरे वितरित किए गए। यह आयोजन श्रीमती चंचल जैन एवं श्री नीलेश जैन (दलोदा) की 25वीं वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में उनके सौजन्य से किया गया।**

कार्यक्रम में महासमिति अध्यक्ष किरण महावीर रावका ने कहा कि मूक पशु-पक्षियों की सेवा करना मानवता और धर्म का महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने बताया कि संस्था आगे भी जीव दया से जुड़े सेवा कार्य निरंतर करती रहेगी। उपस्थित सदस्यों ने अपने घरों की छतों पर पक्षियों के लिए सकोरे लगाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में स्नेहलता बड़जात्या, चंदा जैन, ज्योति मिण्डा, कल्पना जैन, सुनीता पहाड़िया, कांता जैन, पूर्णिमा दोसी, विनीता मेहता सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं। संचालन किरण रावका एवं आभार स्नेहलता बड़जात्या ने व्यक्त किया।

**एक नजर** — किसानों ने काम कर रहे ठेकेदारों पर लगाया आरोप, शिकायत

## नहर योजना की पाइप लाइन खुदाई से संतरे के बगीचे को नुकसान

**गरोठ। सूक्ष्म सिंचाई योजना अंतर्गत संचालित नल-जल एवं नहर परियोजना में कार्य कर रहे ठेकेदार पर किसानों को नुकसान पहुंचाने के आरोप लग रहे हैं। खड़ावदा क्षेत्र में एक किसान ने बिना सूचना खेत में खुदाई कर संतरे के बगीचे एवं अन्य सामग्री को नुकसान पहुंचाने की शिकायत प्रशासन से की है।**



प्राप्त जानकारी अनुसार किसान वासुदेव पिता प्रभुलाल पाटीदार की कृषि भूमि सर्वे नंबर 7/2/2 एवं 10/1 में ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन डालने के लिए खुदाई की गई। किसान का आरोप है कि बिना अनुमति खेत में खुदाई कर करीब 500 संतरे के पौधों, गोबर एवं केंचुआ खाद, पाइप लाइन और वाल्व सहित अन्य संसाधनों को नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि संतरे के कई पुराने फलदार पौधों की जड़ें एवं डालियां क्षतिग्रस्त होने से पौधे सूखने की स्थिति में पहुंच गए हैं, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। किसान वासुदेव पाटीदार ने बताया कि मामले की लिखित शिकायत एसडीएम राहुल चौहान, सिंचाई विभाग एवं संबंधित ठेकेदार को दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उचित मुआवजा नहीं मिला तो वे भोपाल स्तर तक शिकायत कर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग करेंगे। क्षेत्र में किसानों का आरोप है कि योजना के कार्यों के दौरान बिना पूर्व सूचना खेतों में खुदाई कर नुकसान पहुंचाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे किसानों में नाराजगी बढ़ रही है।

# नीमच

## एक नजर में

### आरक्षक के बुजुर्ग पिता को कार ने रौंदा, मौत नीमच में साइकिल से पूजा करने जा रहे थे



**नीमच।** नगर में सोमवार सुबह पूजा करने मंदिर जा रहे बुजुर्ग को एक कार ने जोड़दार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का पहिया उनके सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मामला बघाना थाना क्षेत्र अंतर्गत बालाजी धाम का है। मृतक की पहचान अंबिका प्रसाद शर्मा (65) के रुप में हुई। जो आज सुबह करीब 6:30 बजे मंदिर में पूजा के लिए जा रहे थे। बुजुर्ग साइकिल पर सवार होकर स्टेशन रोड स्थित चोपड़ा गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए घर से निकले थे। कॉलोनी में ही कार ने उन्हें टक्कर मारी। हादसे के बाद कार चालक खुद बुजुर्ग को जिला अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अंबिका प्रसाद मूल रूप से रतलाम के निवासी थे और वर्तमान में नीमच के बालाजी धाम में अपने बेटे के साथ रह रहे थे। उनका बेटा मध्य प्रदेश पुलिस में आरक्षक के पद पर नीमच सिटी थाने में पदस्थ है। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में कार की टक्कर को लेकर विरोधाभास बना हुआ है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार चालक ने गाड़ी रिवर्स लेते समय बुजुर्ग को कुचला, वहीं कुछ का कहना है कि कार सामने से सीधे आकर उनसे टकराई थी। सूचना मिलते ही बघाना पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव का पोस्टमार्टम कराया और उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे के कारणों की बारीकी से जांच शुरू कर दी है।

### भाजपा कार्यालय का निर्माण कार्य तेजी से जारी प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया ने किया निरीक्षण



**नीमच।** शहर में भारतीय जनता पार्टी का नया हाईटेक जिला कार्यालय पुरानी नगर पालिका स्थित बंगला नंबर- 60 में तैयार किया जा रहा है। कार्यालय निर्माण का कार्य तेजी से जारी है। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं नीमच जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया ने रविवार को अल्प प्रवास के दौरान निर्माणाधीन भाजपा जिला कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक दिलीपसिंह परिहार, विधायक अनिरुद्ध मारू, पूर्व सांसद सुभाष पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जनसिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना खंडेलवाल सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नीमच।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उपखण्ड मनासा किरण आंजना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग 6(4) के तहत पानी में डूबने से एक पीडित परिवार को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। एसडीएम मनासा द्वारा रामपुरा निवासी पुनमचंद्र पिता राजाराम माली की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर मृतक के वारिस भाई मोहनलाल पिता राजाराम माली को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसीलदार रामपुरा द्वारा आर्थिक सहायता का प्रकरण तैयार कर स्वीकृति के लिए एसडीएम मनासा को प्रस्तुत किया गया था।

## जिले में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी

- तापमान 45 डिग्री तक जाने की संभावना
- स्वास्थ्य विभाग ने हीट-स्ट्रोक से बचने की दी सलाह





**नीमच। जिले में गर्मी लगातार लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तेज गर्मी और हीट वेव को लेकर येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिनों तक तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है और पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।**

सोमवार 11 मई को हीट वेव को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है, जबकि 12, 13 और 14 मई के लिए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि दोपहर के साथ-साथ रात के समय भी गर्म हवाओं का असर बना रहेगा। लगातार बढ़ती गर्मी के कारण आम लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है और सुबह से ही तेज धूप लोगों को परेशान कर रही है।

**सुबह 7 बजे से ही महसूस हो रही तेज गर्मी**–जिले में इस समय हालात ऐसे बने हुए हैं कि सुबह 7 बजे से ही तेज धूप और गर्म हवाएं शुरू हो जाती हैं। दोपहर तक सड़कों पर सन्नाटा जैसा माहौल दिखाई देता है। जरूरी काम होने पर ही लोग घर से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी का असर सबसे ज्यादा मजदूरों, किसानों, दुकानदारों और सड़क पर काम करने वाले लोगों पर पड़ रहा है। लगातार तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को थकान और कमजोरी महसूस हो रही है। कई इलाकों में दोपहर के समय बाजार भी सामान्य दिनों की तुलना में जल्दी खाली होने लगे हैं।

जिले में पिछले तीन दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। वहीं न्यूनतम तापमान भी 29 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया जा रहा है, जिससे रात में भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है।

पिछले 24 घंटे की बात करें तो अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले 48 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। लगातार इतने ज्यादा तापमान के कारण लोगों को दिन और रात दोनों समय परेशानी उठानी पड़ रही है। कूलर और पंखे भी कई जगह बेअसर साबित हो रहे हैं।

> **हीट वेव का असर अगले कई दिनों तक रहने की संभावना**
>
> मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में गर्म हवाओं का असर और ज्यादा बढ़ सकता है। विभाग ने साफ कहा है कि अभी तापमान में 2 से 3 डिग्री तक और बढ़ोतरी हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो चित्तौड़गढ़ का तापमान 45 डिग्री तक पहुंच सकता है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस समय प्रदेश के कई हिस्सों में गर्म और शुष्क हवाएं चल रही हैं, जिसका असर नीमच जिले में भी दिखाई दे रहा है।

## युवक का शव फंदे पर मिला तीन दिन बाद चला पता

- दरवाजा तोड़कर घर में घुसे परिजन



**नीमच। बघाना थाना क्षेत्र के ग्राम धनेरियाकला में एक 25 वर्षीय युवक का शव उसके घर में फंदे पर लटका मिला। सोमवार सुबह परिजनों ने दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किया, तब यह घटना सामने आई। युवक पिछले तीन दिनों से लापता था और उसके फोन का जवाब नहीं दे रहा था।**

मृतक की पहचान धनेरियाकला निवासी अमजद पिता रशीद खान (25) के रूप में हुई है। अमजद पेशे से ड्राइवर था और घर में अकेला रहता था। परिजनों के अनुसार, उसका भाई पिछले दो दिनों से लगातार उसे फोन कर रहा था, लेकिन अमजद से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा था। अनहोनी की आशंका के चलते परिवार के सदस्य उसके घर पहुंचे।

अमजद का मकान अंदर से बंद था। कई बार आवाज देने पर भी जब दरवाजा नहीं खुला, तो परिजनों ने गेट तोड़ दिया। घर में प्रवेश करते ही उन्होंने अमजद का शव फंदे पर लटका देखा। शव की सड़ी-गली अवस्था को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि यह घटना 2 से 3 दिन पुरानी है।

घटना की सूचना तुरंत बघाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। शव को फंदे से उतारकर जिला चिकित्सालय भेजा गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

जिला अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया, जिसके बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

**एक नजर** — कम टीडीएस वाला पानी पड़ सकता है भारी, पानी की बर्बादी और मिनरल्स का नुकसान

## सावधान! कहीं आपका आरओ सेहत सुधारने के बजाय बिगाड़ तो नहीं रहा, जानिये पानी की शुद्धता का गणित

**नीमच। वर्तमान में गर्मी अधिक पड़ रही है और गर्मी में यदि पानी की कमी से डिहाइड्रेशन का शिकार होते हैं। ऐसे में लोग अधिक से अधिक पानी पीते हैं। लेकिन पानी पीने के दौरान हमें ध्यान देना होगा कि कौन-सा पानी पी रहे हैं, क्योंकि पानी को शुद्ध करने के लिए लोगों ने घर में आरओ और प्यूरीफायर लगवा रखे हैं।**



ऐसे में हमें देखना होगा कि प्यूरीफायर पानी को वैक्टीरिया व वायरस दूर कर रहा है या नहीं। साथ ही यदि आरओ का पानी है तो वो सही टीडीएस का है या नहीं, क्योंकि कम टीडीएस का पानी है तो भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और अधिक है तो भी खतरनाक है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे नीमच सिटी, बघाना और उपनगर इन्द्रा नगर में पानी की गुणवत्ता अलग-अलग है। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि आपके घर के लिए कौन-सा फिल्टर सही है और यदि है तो वह सही काम कर रहा है या नहीं।

> **आरओ बनाम वाटर प्यूरीफायर में फर्क समझना जरूरी**
>
> अक्सर लोग आरओ और साधारण वाटर प्यूरीफायर को एक ही मान लेते हैं, जबकि दोनों के काम करने का तरीका अलग है। वाटर प्यूरीफायर एक व्यापक श्रेणी है, जिसमें साधारण फिल्टर से लेकर एडवांस सिस्टम तक आते हैं। आरओ वह तकनीक है जो पानी में घुले हानिकारक रसायनों, आर्सेनिक, लेड जैसे हेवी मेटल्स और हाई टीडीएस को दूर करती है। यह खारे पानी को मीठा बनाने के लिए सबसे कारगर है। अल्ट्रावायलेट तकनीक पानी के बैक्टीरिया और वायरस को तो खत्म करती है, लेकिन यह घुली हुई अशुद्धियों को साफ नहीं कर पाती।

विशेषज्ञों के अनुसार, आरओ का इस्तेमाल केवल उन्हीं क्षेत्रों में करना चाहिए जहां पानी का टीडीएस बहुत ज्यादा हो यानी पानी खारा हो। शहर के वे इलाके जहां बोरवेल का पानी इस्तेमाल होता है, वहां आरओ सही विकल्प है। लेकिन यदि आप ऐसे क्षेत्र में रहते हैं जहां पानी पहले से मीठा है या प्रदूषण कम है, तो वहां केवल प्यूरीफायर फिल्टर ही काफी है। आरओ तकनीक का सबसे बड़ा नकारात्मक पहलू यह है कि पानी शुद्ध करने की प्रक्रिया में 30 से 40 फीसदी पानी बर्बाद हो जाता है। इसके अलावा, लंबे समय तक आरओ का पानी पीने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो सकती है, क्योंकि यह प्रक्रिया पानी से कुछ जरूरी मिनरल्स भी बाहर निकाल देती है।